भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4846**
दिनांक 23 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग**

**4846. श्री नितेश गंगा देब:**
**श्री सप्तगिरी उलाका:**
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार की देश में विशेष रूप से चालू वर्ष के दौरान खाद्य प्रसंस्करण के लिये आधुनिक अवसंरचना सृजित करने के लिए खाद्य पार्क स्थापित करने की कोई योजना/प्रस्ताव है और यदि हां, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ख)** गत पांच वर्षों के दौरान चिह्नित/स्थापित/ अनुमोदित किए गए पार्कों का ब्यौरा क्या है और ऐसे पार्कों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता अथवा निधियों सहित ऐसी परियोजनाएं चयनित करने की प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है और प्रक्रिया क्या है; और

**(ग)** क्या केन्द्र सरकार को ओडिशा राज्य सरकार से राज्य में विशेष रूप से राज्य के देवगढ़ जिले के अंतर्गत बारकोट खंड में खाद्य पार्कों की स्थापना/खोलने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क):** जी, नहीं । खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय वर्तमान में फूड पार्क स्कीम का कार्यान्वयन नहीं कर रहा है । हालांकि, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खाद्य प्रसंस्करण के लिए आधुनिक अवसंरचना का सृजन करने हेतु मेगा फूड पार्क स्कीम (एमएफपीएस) का कार्यान्वयन करता रहा है । सरकार ने देश में मेगा फूड पार्क परियोजनाओं की स्थापना के लिए कुल 42 स्लॉट्स स्वीकृत किए हैं । इनमें से, मंत्रालय ने 38 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं को अंतिम अनुमोदन तथा 4 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं को सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया है । वर्तमान में भरे जाने के लिए कोई स्लॉट रिक्त नहीं है । खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय देश में मेगा फूड पार्कों की स्थापना स्वयं नहीं करता है । मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत, प्रस्ताव समय-समय पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं । वर्तमान में, मंत्रालय ने स्कीम के अतंर्गत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कोई ईओआई नहीं मंगाई है । आज की तारीख तक, देश में मेगा फूड पार्कों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**(ख):** मंत्रालय ने मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में 27 मेगा फूड पार्कों की स्थापना का अनुमोदन दिया है । इनमें से, मंत्रालय ने 23 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं को अंतिम अनुमोदन तथा 4 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं को सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया है । मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा अनुमोदित इन 27 मेगा फूड पार्कों का, इन पार्कों को जारी की गई अनुदान की राशि समेत उनके कार्यान्वयन की स्थिति सहित ब्यौरा **संलग्नक- I** पर दिया गया है । मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत, मेगा फूड पार्कों की स्थापना के लिए प्रस्ताव समय-समय पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं । इन परियोजनाओं के लिए उपयुक्त प्रस्तावों का चयन, स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार, पूर्व- निर्धारित मापदंड के तहत कड़ी मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से मैरिट के आधार पर किया जाता है । ईओआई के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों का कार्यक्रम प्रबंधन एजेंसियों (पीएमएज) द्वारा मूल्यांकन किया जाता है । पीएमए ईओआई प्रस्तावों के आधार पर 100 प्वाइंट्स के पैमाने पर मूल्यांकन करता है जबकि टीसी स्कीम दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट 50 प्वाइंट्स के पैमाने पर स्वंतत्र मूल्यांकन करता है । अपर/संयुक्त सचिव की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति अपनी सिफारिशें अंतर-मंत्रालयी अनुमोदन समिति को उपलब्ध कराती है । माननीया मंत्री, खाप्रउ की अध्यक्षता वाली अंतर-मंत्रालयी अनुमोदन समिति (आईएमएसी)

परियोजनाओं का चयन करती है तथा स्कीम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, परियोजनाओं को ''सैद्धांतिक'' तथा ''अंतिम अनुमोदन'' प्रदान करती है ।

**(ग):** जी, नहीं । हालांकि, मंत्रालय ने ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (इडको), खुर्दा, ओडिशा नामक राज्य सरकार की कंपनी से प्रस्ताव पहले ही प्राप्त कर लिया है और खुर्दा, ओडिशा में मेगा फूड पार्क की स्थापना के लिए परियोजना, जो कार्यान्वयनाधीन है को दिनांक 06.11.2015 को अंतिम अनुमोदन प्रदान किया है । इस पार्क का ब्यौरा निम्नानुसार है:

**(करोड़ रुपए)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | परियोजना लागत | सैद्धांतिक अनुमोदन की तारीख | अंतिम अनुमोदन की तारीख | अनुमोदित अनुदान की राशि | जारी किए गए अनुदान की राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ओडिशा** | | | | | | | |
| 1. | ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (इडको), खुर्दा | 134.13 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 29.30 | कार्यान्वयनाधीन |

*****

<u>संलग्नक-I</u>

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के बारे में लोक सभा में दिनांक 23 जुलाई, 2019 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 4846 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा अनुमोदित इन 27 मेगा फूड पार्कों का, इन पार्कों को जारी की गई अनुदान की राशि समेत उनके कार्यान्वयन की स्थिति सहित दिनांक 19.07.2019 तक का ब्यौरा

**(करोड रुपए)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | परियोजना लागत | सैद्धांतिक अनुमोदन की तारीख | अंतिम अनुमोदन की तारीख | अनुमोदित अनुदान की राशि | जारी किए गए अनुदान की राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **आंध्र प्रदेश** | | | | | | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम (एपीआईआईसी), कृष्णा, **आंध्र प्रदेश** | 125.25 | 31.03.2015 | 31.12.2015 | 50 | 28.49 | कार्यान्वयनाधीन |
| **अरुणाचल प्रदेश** | | | | | | | |
| 2. | रोंगोगे मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड, पापुम पारे, **अरुणाचल प्रदेश** | 71.83 | 21.12.2017 | --- | एसपीवी, अंतिम अनुमोदन की शर्तों को पूरा करने की प्रक्रिया में है । | | |
| **बिहार** | | | | | | | |
| 3. | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्रा.लि. खगरीया, **बिहार** | 127.91 | 21.09.2012 | 06.08.2014 | 43.77 | 24.51 | कार्यान्वयनाधीन |
| **छत्तीसगढ़** | | | | | | | |
| 4. | इण्डस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्रालि., रायपुर, **छत्तीसगढ़** | 124.50 | 06.09.2012 | 04.06.2014 | 50 | 28.61 | कार्यान्वयनाधीन |
| **गुजरात** | | | | | | | |
| 5. | गुजरात एग्रो इन्फ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्रा.लि, सूरत, | 117.87 | 21.09.2012 | 22.05.2014 | 50 | 42.45 | **प्रचालनरत** |
| 6. | फणीधर मेगा फूड पार्क प्रा.लि., मेहसाण, **गुजरात** | 165.79 | 03.01.2017 | 16.08.2017 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **हरियाणा** | | | | | | | |
| 7. | हरियाणा स्टेट इण्डस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट कारपोरेशन लि., (एचएसआईआईडीसी) सोनीपत, **हरियाणा** | 177.59 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 27.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| 8. | हरियाणा स्टेट कोआपरेटिव सप्लाई एंड मार्केटिंग फडरेशन लि(एचएएफईडी) ., रोहतक, **हरियाणा** | 179.75 | 03.01.2017 | 21.02.2018 | 50 | 0.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **हिमाचल प्रदेश** | | | | | | | |
| 9. | क्रीमिका फूड पार्क प्रा.लि ., **हिमाचल प्रदेश** | 107.34 | 21.09.2012 | 06.08.2014 | 50 | 42.72 | कार्यान्वयनाधीन |
| **कर्नाटक** | | | | | | | |
| 10. | फिवरिच इंफ्रा प्रा.लि., मांडया, **कर्नाटक** | 113.83 | 03.01.2017 | 19.12.2017 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **केरल** | | | | | | | |
| 11. | केरल राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम लि. (केएसआईडीसी) अल्लापुड़ा, **केरल** | 129.15 | 31.03.2015 | 27.11.2015 | 50 | 28.80 | कार्यान्वयनाधीन |
| 12. | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (किन्फ्रा), पल्लकड़, **केरल** | 119.02 | 31.03.2015 | 27.11.2015 | 50 | 37.72 | कार्यान्वयनाधीन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **मध्य प्रदेश** | | | | | | | |
| 13. | अवंती मेगा फूड पार्क प्रा.लि. देवास, **मध्य प्रदेश** | 149.48 | 31.03.2015 | 31.12.2015 | 50 | 38.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| **महाराष्ट्र** | | | | | | | |
| 14. | सतारा मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड, सतारा, **महाराष्ट्र** | 139.33 | 21.09.2012 | 06.08.2014 | 50 | 44.49 | **प्रचालनरत** |
| 15. | वर्धा मेगा फूड पार्क प्रा.लि, वर्धा, **महाराष्ट्र** | 92.36 | 31.03.2015 | 13.01.2016 | 50 | 15.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **मिजोरम** | | | | | | | |
| 16. | जोरम मेगा फूड पार्क प्रा.लि. आईजोल, **मिजोरम** | 75.20 | 19.12.2013 | 10.06.2015 | 50 | 44.24 | कार्यान्वयनाधीन |
| **नागालैंड** | | | | | | | |
| 17. | डोयस एग्री रिसोर्सिस प्रा.लि., दीमापुर, **नागालैंड** | 71.80 | 03.01.2017 | 16.08.2017 | 50 | 29.78 | कार्यान्वयनाधीन |
| **ओडिशा** | | | | | | | |
| 18. | ओडिशा इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट कारपोरेशन (आईडीसीओ), खुर्दा, **ओडिशा** | 125.42 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 29.30 | कार्यान्वयनाधीन |
| **पंजाब** | | | | | | | |
| 19. | पंजाब एग्रो इण्डस्ट्रीज कारपोरेशन लि. (पीएआईसी) लुधियाना, **पंजाब** | 117.61 | 31.03.2015 | 27.11.2015 | 50 | 29.23 | कार्यान्वयनाधीन |
| 20. | सुखजीत मेगा फूड पार्क एण्ड इन्फ्रा., लि. कपूरथला, **पंजाब** | 123.72 | 31.03.2015 | 06.11.2015 | 50 | 29.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **तेलंगाना** | | | | | | | |
| 21. | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्रा.लि., निजामाबाद, **तेलंगाना** | 108.95 | 19.12.2013 | 10.06.2015 | 50 | 44.56 | कार्यान्वयनाधीन |
| 22. | तेलंगाना राज्य इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लि., खम्मम, **तेलंगाना** | 109.44 | 31.03.2015 | 05.02.2016 | 50 | 21.75 | कार्यान्वयनाधीन |
| **उत्तर प्रदेश** | | | | | | | |
| 23. | विंध्याचल अत्तिवो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, मिर्जापुर, **उत्तर प्रदेश** | 163.15 | 21.12.2017 | -- | एसपीवी, अंतिम अनुमोदन की शर्तों को पूरा करने की प्रक्रिया में है । | | |
| 24. | नंदवन मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड, मथुरा, **उत्तर प्रदेश** | 120.77 | 21.12.2017 | 28.01.2019 | 50 | 0.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| 25. | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क नोएडा प्रा.लि., गौतम बुद्ध नगर, **उत्तर प्रदेश** | 218.30 | 15.01.2018 | 20.09.2018 | 50 | 0.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **पश्चिम बंगाल** | | | | | | | |
| 26. | जलपाईगुड़ी मेगा फूड पार्क प्रा. लि, जलपाईगुड़ी, **पश्चिम बंगाल** | 108.07 | 08.03.2019 | -- | एसपीवी, अंतिम अनुमोदन की शर्तों को पूरा करने की प्रक्रिया में है । | | |
| **मणिपुर** | | | | | | | |
| 27 | मणिपुर फूड इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लि. कैकचिंग, **मणिपुर** | 80.02 | 08.03.2019 | -- | एसपीवी, अंतिम अनुमोदन की शर्तों को पूरा करने की प्रक्रिया में है । | | |

*****